तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, गुरुवार 7 मई 2026

13 बंगाल में भाजपा की जीत, अंचल में मनाया जश्न



14 बिना डॉक्टर और परिचारक के भगवान भरोसे पशु चिकित्सालय





# ग्राम बिजली में धू-धू कर जला ट्रक, बाल-बाल बची ड्राइवर की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

जिला गरियाबंद के धान संग्रहण केन्द्र कुण्डेल भाठा से जुड़ी मुख्य सड़क ग्राम बिजली पर बुधवार को एक बार फिर लापरवाही का बड़ा मामला सामने आया है। कुण्डेल लोडिंग के लिए जा रही एक खाली ट्रक अचानक दुर्घटनाग्रस्त होकर आग की चपेट में आ गई। बुधवार दोपहर 1 बजे घटना ग्राम बिजली की है, जहां यह चलती ट्रक तेज गति में इंजन की ओर आग लग गई । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक क्रमांक सीजी 14 एमई 5619, जिसका मालिक रोशन चंद्राकर (कुरुद) बताया जा रहा है, बिजली गांव के बीचोंबीच से गुजर रही थी। इसी दौरान ट्रक के इंजन से अचानक आग भड़क उठी, उस समय वाहन चल रहा था, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई।जो कुछ ही पलों में पूरे वाहन में फैल गई। घटना के समय मौके पर मौजूद ग्राम बिजली के सरपंच पद्मा निषाद के पति मोती निषाद तथा स्थानीय किराना व्यवसायी व जनपद सभापति नंदू यादव ने जोर-जोर से चिल्लाकर ड्राइवर को आग लगने की सूचना दी। सतर्कता दिखाते हुए ड्राइवर कमलेश साहू ने तुरंत ट्रक को पास के तालाब किनारे रोका और कूदकर अपनी जान बचाई। आग इतनी भीषण थी कि पूरा ट्रक जलकर खाक हो गया। जनप्रतिनिधियो की मदत से अग्निशामक और पुलिस थाना प्रभारी ▶▶| शेष पेज 12 पर





### आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

गौरतलब है कि इससे दो दिन पहले भी इसी क्षेत्र में एक अन्य ट्रक (क्रमांक सीजी 06 जीएन 6335) ने लापरवाही बरतते हुए 11 केवी विद्युत पोल को टक्कर मार दी थी। उस घटना में भी बड़ा हादसा टल गया, हालांकि विद्युत विभाग को हुए नुकसान की भरपाई के लिए वाहन चालक मालिक को लगभग 20 हजार रुपये का जुर्माना भरना पड़ा। धान संग्रहण केन्द्र कुण्डेल भाठा तक पहुंचने वाले इस मार्ग से कुण्डेल, सिर्रीखुर्द, खुटेरी, खुड़ियाडीही, बिजली और मडवाडीह जैसे कई गांव जुड़े हुए हैं। यही सड़क गांवों के बीचोंबीच होकर गुजरती है, जहां भारी वाहनों की तेज रफ्तार से आवाजाही लगातार खतरा बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि ट्रक चालक धरमकांटा और लोडिंग में पहले नंबर पर आने की होड़ में तेज गति से वाहन चलाते हैं, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। इस घटना के बाद ग्राम बिजली में लोगों ने विरोध स्वरूप सांकेतिक रूप से सड़क जाम कर दिया और परिवहन एवं जिला प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की। स्थानीय लोगों का कहना है कि परिवहन विभाग की लापरवाही भी इन घटनाओं के लिए जिम्मेदार है, क्योंकि विभागीय अधिकारी कभी निरीक्षण के लिए नहीं पहुंचते।

## खबर संक्षेप

### निरंजन सिन्हा आज राजिम में

राजिम। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा एवं उपाध्यक्ष अनिमेष कश्यप आज गुरूवार 7 मई को सुबह 11 बजे राजिम पहुंच रहे है। यह जानकारी देते हुए गरियाबंद जिला सोसायटी संघ के महाअध्यक्ष जितेंद्र सोनकर ने बताया कि गरियाबंद जिले के सभी शाखा प्रबंधकों की बैठक आयोजित है। श्री सोनकर ने समिति के सभी अध्यक्षों को राजिम सोसाइटी में 11 बजे पहुंचने कहा है।

### जनगणना कर्मियों से दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा



मैनपुर। गरियाबंद कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी श्री बीएस उइके ने जनगणना–2027 के कार्य में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जनगणना कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की मारपीट, दुर्व्यवहार या कार्य में व्यवधान को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कलेक्टर श्री उइके ने बताया कि जनगणना अधिनियम, 1948 की धारा 5 के अनुसार जनगणना कार्य में संलग्न सभी अधिकारी एवं कर्मचारी भारतीय दंड संहिता के तहत 'लोक सेवक' माने जाते हैं। इसलिए उनके साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार, मारपीट या कार्य में बाधा उत्पन्न करना न केवल निंदनीय है, बल्कि गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। उन्होंने कहा कि जनगणना अधिनियम, 1948 की धारा 11 में यह स्पष्ट रूप से प्रावधानित है कि जनगणना के कार्य में बाधा डालने वाला कोई भी व्यक्ति विधिक रूप से दंडनीय होगा।

### सर्पदंश से एक युवक की मौत



गरियाबंद। बुधवार शाम को हल्की बूंदाबांदी और बदली की वजह से एक ओर जहां तापमान में गिरावट दर्ज की गई,वही दूसरी तरफ उमस भरी गर्मी ने अपना असर दिखाया, जिससे जहरीले जीव-जंतु आक्रामक हो उठे। बीते दो दिनों में अब तक जिला मुख्यालय के आस-पास ग्रामीण क्षेत्रों से दो सर्पदंश के मामले आ चुके हैं। इनमें से एक मामले में सर्पदंश की वजह से एक युवक की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि दूरस्थ क्षेत्र के ग्राम बोकरामुड़ा निवासी चेतन कुमार नेताम गांव से दूर अपने खेत में लारी बनाकर अपनी पत्नी व बच्ची के साथ रहता था। फसल की रखवाली के साथ - साथ चेतन वनोपज संग्रहण भी करता था। बुधवार की रात 2 बजे सोते समय उसे चींटी काटने का एहसास ▶▶| शेष पेज 12 पर

## मैनपुर में स्थायी एसडीएम नहीं होने के कारण गरियाबंद एसडीएम को अतिरिक्त प्रभार

# अफसरों की कमी, खाली कुर्सियां देख मायूस लौट रहे दूर-दराज के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र में सरकारी अधिकारियों की भारी कमी के चलते इन दिनो आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और तो और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी कार्यालय पहुंचने वाले ग्रामीणों को अफसरों के नहीं होने से वापस मायूस होकर लौटना पड़ है। ऐसे में ग्रामीण यह सवाल कर रहे हैं कि एक तरफ राज्य सरकार सुशासन तिहार मना रहा है और दूसरी ओर गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड क्षेत्र में अफसरों की कमी के चलते लोगों के समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है यह कैसे सुशासन तिहार मनाया जा रहा है जो समझ से परे है। उल्लेखनीय है कि गरियाबंद जिला अंतर्गत जनपद पंचायत मैनपुर क्षेत्रफल की दृष्टि में सबसे बड़ा विकासखंड है जो लगभग 80 किमी के दायरे में फैला हुआ है और यहां के अधिकारियों को अंतिम छोर ओड़िसा सीमा से लगे झरगांव, तेतलखुंटी, घुमरापदर, खरीपथरा, पानीगांव जैसे अंतिम छोर के गांवों में दौरा करने पर पूरे एक दिन का समय लग जाता है। इन ग्रामों से ग्रामीण और फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर बस व अन्य माध्यमों से जब मैनपुर जनपद पंचायत और एसडीएम कार्यालय पहुंचते है तो अफसर नहीं होने के कारण उन्हे मायूस लौटना पड़ता है जिससे उनका दिनभर का समय और आर्थिक नुकसान होता है। ज्ञात हो कि मैनपुर जनपद पंचायत कार्यालय मे पदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीएस नागवंशी 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त ▶▶| शेष पेज 12 पर

### एसडीएम दो दिन ही मैनपुर कार्यालय में समय निर्धारित

मैनपुर अनुविभागीय राजस्व कार्यालय मे भी स्थायी एसडीएम की नियुक्ति नही हो पायी है गरियाबंद के एसडीएम को मैनपुर का अतिरिक्त प्रभार अप्रैल के प्रथम सप्ताह मे दिया गया है लेकिन गरियाबंद एसडीएम का मूल पदभार होने के कारण सप्ताह मे सिर्फ दो दिन सोमवार और शुक्रवार को ही एसडीएम मैनपुर मे उपस्थित हो पाती है ऐसे मे राजस्व संबंधित कार्यो मे भी तेजी नही आ पा रही है और लोगों को परेशानी हो रही है मैनपुर मे स्थायी एसडीएम का पद नियुक्ति करने की मांग क्षेत्रवासियों ने किया है।




### महिला बाल विकास एवं खादी ग्राम उद्योग में भी प्रभारी अधिकारी के भरोसे

आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र में इसी तरह सरकार के महत्वपूर्ण विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग में भी प्रभारी अधिकारी के भरोसे संचालित हो रहा है। यहां के परियोजना अधिकारी दिसंबर में सेवानिवृत्त होने के बाद अब तक चार माह में मूल अधिकारी की नियुक्ति नहीं हो पाई है जिसके कारण सरकार के महत्वपूर्ण योजना जो 0 से 6 वर्ष को बच्चों को मिलना चाहिए नहीं मिल पा रहा है स्थायी अधिकारी नहीं होने के कारण कई कार्यो में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जबकि महतारी वंदन योजना के साथ पूरक पोषण आहार व अन्य कई कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित किया जाता है इसलिए मैनपुर में तत्काल पूर्णकालिन अधिकारी की नियुक्ति किया जाये। वहीं खादी ग्राम उद्योग के अलावा वन विभाग, सिंचाई विभाग के कई पद खाली है जिसमे जल्द नियक्ति किये जाने से क्षेत्र की जनता को शासकीय योजनाओं का लाभ तेजी से मिलेगा।

### अधिकारी नहीं होने से जनता परेशान

बिन्द्रानवागढ विधायक जनक ध्रुव ने कहा एक तरफ भाजपा सरकार सुशासन तिहार मना रही है बड़े- बड़े विकास के दावे किए जा रहे हैं और दूसरी ओर गरियाबंद जिले के अंतर्गत आदिवासी विकासखंड मैनपुर में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और अन्य विभाग के अधिकारियों के पद खाली पड़े हुए हैं। प्रभारी अधिकारियों के भरोसे पूरा विकासखंड संचालित किया जा रहा है जिला मुख्यालय गरियाबंद से मैनपुर शासकीय कार्यालयों का संचालन हो रहा है जिससे आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि शासन प्रशासन की योजना धरातल मे कैसे पहुंचेगी।

### डमरूधर पुजारी ने कहा- मामले से मुख्यमंत्री को अवगत कराएगें

बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता डमरूधर पुजारी ने कहा की निश्चित रूप से मैनपुर मे मुख्य कार्यपालन अधिकारी व अन्य अधिकारियों के स्थायी नियुक्ति नहीं होने से शासकीय कार्य प्रभावित हो रही है। इस मामले से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल को आज ही अवगत करायेंगें और मैनपुर मे स्थायी रूप से अफसरो की नियुक्ति की मांग करेंगें।

## 1 लाख का अवैध गांजा बरामद, युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन निश्चय के तहत पाण्डुका पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक युवक को अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 1 लाख 7 हजार 600 रुपये की सामग्री जब्त की है। 5 मई 2026 को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम पोड़ मुड़ा तालाब के पास एक युवक पीले रंग की थैली में गांजा रखकर बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। सूचना मिलते ही थाना पाण्डुका पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध युवक को पकड़ लिया।

पकड़े गए युवक ने अपना नाम खुलेश कुमार तारक (22 वर्ष) निवासी ग्राम पोड़, थाना पाण्डुका, जिला गरियाबंद बताया। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर आरोपी के पास से 1 किलो 952 ग्राम अवैध गांजा (कीमत 97,600) ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन (कीमत 10,000) बरामद किया गया। इस प्रकार कुल 1,07,600 की सामग्री जब्त की गई। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख) के तहत मामला दर्ज कर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। पुलिस का कहना है कि ऐसे मामलों में संलिप्त लोगों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध कटाई के आरोप में ओडिशा का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के बफर जोन एरिया के जंगल मे अवैध कटाइ करने वाले आरोपी को वन विभाग ने जेल भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार 02 मई को अवैध कटाई करने के अपराध में आरोपी के विरूध्द कार्यवाही प्रकरण में मुख्य रूप से अरूण पाण्डे, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी), गुरूनाथन, मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) एवं वरूण जैन, उप निदेशक उदंती–सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद के दिशा निर्देशन में जे.पी. दरों, सहायक संचालक तौरेंगा, उदंती-सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र तौरेंगा (बफर) टीम के द्वारा मुखबिरी सूचना के आधार पर गौरगांव सर्कल, वन परिसर चिपरी, संरक्षित वनक्षेत्र, कक्ष क्रमांक 1170 क्षेत्र में अवैध रूप से वनभूमि में प्रवेश कर मिश्रित प्रजाति के खड़े वृक्षों 57 नग ठूंठ = 0.435 घ.मी. ईमारती, मिक्स जलाऊ 1 चट्टा अवैध कटाई करने के अपराध में आरोपी सोनुराम पिता बसकाराम, जाति गोंड़, उम्र 65 वर्ष, ग्राम जड़जुग्गा, थाना रायघर, तह. रायघर, जिला नबरंगपुर (उड़ीसा) के विरूध्द वन अपराध पी.ओ.आर.क्र. 97/08 दिनांक 02/05/2026 दर्ज कर धारा–(1.) भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 (1) (क). (ड.). (च). (ज), (2.) वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 27, 29, 31, 50, 51, 52, के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय के नियमानुसार नोटिस जारी कर दिनांक 04/05/2026 को माननीय न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेड, प्रथम श्रेणी न्यायालय गरियाबंद के समक्ष पेश कर वारंट के तहत दिनांक 18.05.2026 तक रिमाण्ड पर आरोपी को जिला जेल गरियाबंद में जेल दाखिला किया गया।

## बाबा गुरू घासीदास मंदिर में चोरी कलश, खड़ाऊ, माला ले गए चोर



नवापारा-राजिम। नवापारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छांटा में ग्राम पंचायत भवन के पास सतनामी समाज के जैतखंभ और बाबा गुरू घासीदास का मंदिर है। इस मंदिर से 5 मई की रात अज्ञात चोर द्वारा कलश, खड़ाऊ और कंठी माला ले जाया गया है। इससे धार्मिक भावना को ठेस पहुंची है। चोरी की इस घटना को अंजाम दिए जाने से समाज के लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चोर ने मंदिर में प्रवेश कर श्रद्धापूर्वक स्थापित बाबा गुरु घासीदास जी के पूजनीय कलश, खड़ाऊं एवं कंठी माला चोरी कर ली। चोरी की इस घटना से समाज के लोगो की भावनाएं आहत हुई हैं। इसकी जानकारी लगते ही समाज के हरिलाल ▶▶| शेष पेज 12 पर


## कार्यालय संचालक, पैरामेडिकलकोर्स

NSDC-SDMS केंद्र क्र. 86549

### एकवर्षीय/द्विवर्षीय डिप्लोमा/पोस्ट डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित

निम्नतालिका अनुसार के विभिन्न संभागों के विभिन्न जिलों में वे किसी भी विषय में प्राप्तांकों के अनुसार के द्वारा प्रमाणित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में हेतु आवेदन आमंत्रित है।

| जिलों का नाम | (DMLT) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निक | (OT) पोस्ट डिप्लोमा इन ओटी टेक्निक | (DIALYSIS) डिप्लोमा इन डायलिसिस | (YOGA) (योगा) | (NURSING ASSISTANT) नर्सिंग असिस्टेंट | (WARD BOY) वार्ड ब्वॉय | (DRESSER) ड्रेसर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धमतरी | 20 | 20 | 10 | 10 | 20 | 20 | 10 |
| रायपुर | 60 | 30 | 30 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| बिलासपुर | 30 | 20 | 20 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| जांजगीर | 30 | 30 | 10 | 60 | 60 | 10 | 25 |
| सरायपाली | 30 | 20 | 10 | 60 | 60 | 20 | 25 |

**आवेदन हेतु 10 वीं,12वीं कक्षा फेल, किसी भी ग्रुप वाले, जो हेल्थकेयर क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। जो छात्र पढ़ाई छोड़ चुके हैं वे आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार को वाट्सअप नं. पर काऊंसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (वाट्सअप नम्बर अनिवार्य है।) आवेदक को अपने अभिभावक के साथ आना अनिवार्य है।**

**नोट :-** (1) आवेदक निम्न दिए गए आवेदन पत्र को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर पूर्ण विवरण अपने हाथों से भरें और अपना स्वयं का पता स्पष्ट पूरा पिन कोड लिखकर रजिस्ट्री द्वारा निम्न पते पर भेजें। साथ ही 50 रुपए का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिखकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें। आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जायेगा। चयनित उम्मीदवारों को कॉल लेटर द्वारा काउसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (2) केवल आवेदक ही काउंसिलिंग में प्रवेश हेतु पात्र होंगे। (3) सभी जिलों के विद्यार्थी आवेदन कर सकते है।

**आवेदक पत्र डाक द्वारा भेजने की तिथि - 10.05.2026**
**आवेदक पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि - 11.06.2026**

.............................................................................

प्रति,
कार्यसंचालक (NSDC)
मॉडर्न इंस्ट्रीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साईंस (MIPS)
शीतला चौक, जलगृह मार्ग रोड़,
भाठागांव रायपुर (छ.ग.) पिन-492013

प्रति,
कार्य संचालक पैरा मेडिकल कोर्स

महोदय,
..............................................पाठ्यक्रम में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रही हूँ।

1. आवेदक का नाम ..............................
2. पिता/पति का नाम ..............................
3. जन्मतिथि अंकों में ..............................
4. अनु. जाति /अनु. जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग ..............................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित ..............................
   मोबाइल नंबर ..............................
6. केंद्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ..............................
7. शैक्षणिक योग्यता ..............................

Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत

**नोट : -** (1) आवेदक द्वारा एक ही फॉर्म में यदि वे एक से अधिक कोर्स का चयन करते हैं तो (ऑब्लिक (/) करके या (,) का प्रयोग कर सकता है। (2) पूर्व में आवेदन किये हुए अभ्यर्थी फिर से आवेदन ना करें। (3) जो काउंसिलिंग में उपस्थिति दे पायें वे ही आवेदन करें।





# ऑपरेशन तलाश, 68 गुमशुदा लोगों को सुरक्षित किया बरामद

- एक माह में महिलाओं, पुरुषों और बालिकाओं की खोज कर परिजनों को सौंपा

गरियाबंद। छत्तीसगढ़ में चलाए गए राज्य स्तरीय ऑपरेशन तलाश अभियान में गरियाबंद जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया है। पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर 1 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक चलाए गए इस अभियान में गरियाबंद पुलिस ने गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की।

जिले के पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना स्तर पर विशेष टीमों का गठन कर गुम हुए महिला, पुरुष एवं बच्चों की खोजबीन की गई। अभियान के दौरान कुल 68 गुमशुदा व्यक्तियों को बरामद कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। बरामद किए गए लोगों में 47 महिलाएं, 14 पुरुष और 7 बालिकाएं शामिल हैं जबकि बालकों की संख्या शून्य रही। पुलिस की तत्परता और लगातार प्रयासों के चलते कई परिवारों की उम्मीदें फिर से जीवित हुईं और उनके चेहरों पर खुशी लौट आई। पुलिस ▶▶| शेष पेज 12 पर



**खबर संक्षेप**

## पश्चिम बंगाल में नए विकास के युग का शुभारंभ : योगेश



**मैनपुर।** भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा ने पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर कि भाजपा की यह क्रांतिकारी जीत भारतीय राजनीति में विचारधारात्मक वर्चस्व के एक नए युग की परिचायक है जहाँ विपक्ष क्षेत्रीय पहचान और तुष्टीकरण पर केंद्रित रहा, वहीं एनडीए ने विकास, सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रीय सुरक्षा पर जनमत को चैतन्य किया और ये नतीजे बताते हैं कि अब भारतीय मतदाता क्षेत्रीय हितों को राष्ट्रीय सुरक्षा और अखंडता के साथ जोडकर देख रहा है।

## किसानों को सिखाई गईं आधुनिक तकनीकें



**सुरसाबांधा।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत बुधवार 06 मई 2026 को ग्राम धूमल एवं ग्राम पंचायत परतेवा में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन विभाग एवं कृषि महाविद्यालय के अधिकारियों द्वारा किसानों को शासन की विभिन्न योजनाओं एवं उन्नत कृषि तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। अभियान के दौरान किसानों को जैविक खेती अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया गया तथा मृदा स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। संतुलित उर्वरक एवं कीटनाशकों के उपयोग पर जोर देते हुए डीएपी उर्वरक के विकल्प के रूप में अन्य उर्वरकों के उपयोग के बारे में जागरूक किया गया। रबी मौसम में धान के स्थान पर दलहन, तिलहन एवं सब्जी फसलों के उत्पादन के लिए किसानों को प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने कृषि एवं उद्यानिकी फसलों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) का लाभ लेने हेतु किसानों को प्रोत्साहित किया। साथ ही पराली जलाने से होने वाले नुकसान एवं पर्यावरणीय प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। आयल पाम की खेती एवं उस पर मिलने वाले अनुदान के संबंध में भी किसानों को अवगत कराया गया तथा इसे अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा प्रमुख फसलों में लगने वाले कीट एवं उनके नियंत्रण के उपाय भी बताए गए। इस अवसर पर ग्राम पंचायत परतेवा के सरपंच षट्कोण साहू, उपसरपंच भिनेंद्र साहू, कृषि विभाग से अनिल कौशिक, के.आर. वर्मा, ममता गायकवाड, तरुण साहू, उद्यानिकी विभाग से युगल किशोर साहू, कृषि महाविद्यालय से डॉ. सौरभ पदमशाली सहित पशुपालन विभाग के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# 20 साल से मुख्यमंत्री का इंतजार, सुशासन तिहार में साय के आने की आस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ सरकार इन दिनों सुशासन तिहार मना रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हेलीकॉप्टर से प्रदेश के किसी भी गांव में अचानक पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। वे विकास के सौगातों का पिटारा खोल रहे हैं। ऐसे में पिछले 20 वर्षों से मैनपुर नगर के लोग मुख्यमंत्री का जो इंतजार कर रहे हैं उनमें एक उम्मीद जागी है कि सुशासन तिहार मे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मैनपुर पहुंचेंगे और सौगात देंगे। सुशासन तिहार के तहत आवेदन लिया जा रहा है, जिसमें नगर के लोगो ने मुख्यमंत्री को मैनपुर आने का निमंत्रण भी आवेदन के माध्यम से भेजा है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्षों मे तहसील मुख्यालय मैनपुर में सिर्फ 2001 मे प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी एवं 2005 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ही पहुंचे हैं। लोगों का मानना है कि साय सरकार में बीते ढाई बरसों में मैनपुर क्षेत्र मे भी वर्षों से लंबित पुराने पुल-पुलिया के निर्माण के साथ ही कई विकास कार्यों को गति मिली है। और तो और 31 मार्च को पूरे प्रदेश के साथ गरियाबंद जिले के घोर नक्सल प्रभावित मैनपुर क्षेत्र भी नक्सलमुक्त हो चुका है। बीते 20 वर्षों में नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण यह संवेदनशील रहा। जिसके चलते जहां एक ओर बड़े राजनेता और बड़े अफसर इस क्षेत्र में नहीं पहुंच पा रहे थे। अब नक्सल मुक्त होने के बाद मैनपुर नगर के लोगों में उम्मीद बंधी है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मैनपुर जरूर पहुंचेंगे। वे वर्षों से यहां की मुख्य मांग सलफ जलाशय सिंचाई योजना, पैरी उद्गम स्थल को पर्यटन स्थल के रूप मे विकसित करने के साथ ही मैनपुर को नगर पंचायत दर्जा जैसी मांगों को पूरा करेंगे। मैनपुर नगर के वरिष्ठ नागरिक रूदेश्वर साहू, सोतन सेन, दयाराम यादव, सुकराम यादव, शंकर नागेश, अहमद बेग, आलीम अंसारी, सीताराम पटेल, हरेन्द्र कुटारे, धनेश्वर पटेल, तुलाराम पटेल, आलोक गुप्ता, जाहिद रजा, राजू दीक्षित, बलदेव नायक आदि नगरवासियों ने कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का बेसब्री से इंतजार है।

**मुख्यमंत्री के मैनपुर आगमन से नगर पंचायत, सिंचाई सुविधा, स्वास्थ्य सुविधा के साथ कई विकास कार्यों की सौगात मिलेगी**



### मैनपुर को नगर पंचायत बनाने की जरूरत

गरियाबंद जिले के सभी विकासखण्ड मुख्यालय नगर पंचायत बन चुके हैं। सिर्फ मैनपुर ब्लॉक मुख्यालय आज तक नगर पंचायत नहीं बन सका है। स्थानीय लोगो का मानना है कि नगर पंचायत बनने से नगर का विकास तेजी से होगा। मुख्यमंत्री यदि मैनपुर आते हैं तो निश्चित रूप से मैनपुर को नगर पंचायत का दर्जा मिलेगा जो एक बड़ी सौगात होगी।

### सलफ जलाशय सिंचाई परियोजना पूरा होने की उम्मीद

मैनपुर क्षेत्र के प्रमुख सिंचाई परियोजना सलफ जलाशय का 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है लेकिन वन विभाग से एनओसी नहीं मिलने के कारण पिछले 30 वर्षों से अधूरा पड़ा है और तो और मैनपुर के प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन स्थल भाठीगढ़ को पर्यटन स्थल के रूप में

### जिला पंचायत के आदेश के बाद उठे सवाल

# मैनपुर जनपद में सीईओ की नियुक्ति पर रार, जिला पंचायत सदस्य ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला पंचायत गरियाबंद द्वारा जनपद पंचायत मैनपुर में नए प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी की नियुक्ति के बाद प्रशासनिक गलियारों में विवाद गहरा गया है। एक ओर जहां प्रशासन ने इसे व्यवस्था सुधार का कदम बताया है, वहीं दूसरी ओर जनप्रतिनिधियों ने इस निर्णय को लेकर मोर्चा खोल दिया है। 6 मई 2026 को जारी आदेश के तहत प्रशासनिक व्यवस्था के दृष्टिकोण से जिला पंचायत में पदस्थ प्रभारी सहायक परियोजना अधिकारी जितेश कुमार गजभिए को जनपद पंचायत मैनपुर का प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करते हुए उन्हें वित्तीय एवं प्रशासनिक संपूर्ण प्रभार आगामी आदेश तक सौंप दिया गया है। आदेश में यह भी उल्लेख है कि यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी और कलेक्टर के अनुमोदन के बाद जारी की गई है। यह नियुक्ति मैनपुर जनपद पंचायत के सीईओ डीएस नागवंशी के 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त होने के बाद की गई है, जिसके चलते यह पद रिक्त चल रहा था। हालांकि, आदेश जारी होते ही इस निर्णय को लेकर विरोध के स्वर सामने आने लगे हैं। जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने नियुक्ति पर कड़ा आपत्ति जताते हुए कहा है कि मैनपुर में पहले से पदस्थ अतिरिक्त सीईओ डीके शांडिल्य इस पद के वास्तविक दावेदार थे और उनका कार्यकाल भी संतोषजनक रहा है। ऐसे में उन्हें नजरअंदाज कर दूसरे अधिकारी को पूर्ण प्रभार देना प्रशासनिक निर्णय पर सवाल खड़े करता है। नेताम ने यह भी आरोप लगाया कि जितेश कुमार गजभिए के पास पहले से जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) का महत्वपूर्ण प्रभार है, जिसमें पूर्व में अनियमितताओं की शिकायतें सामने आ चुकी हैं। इसके बावजूद उन्हें एक और अहम जिम्मेदारी सौंपना संदेह को और गहरा करता है।




### कार्रवाई के निर्देश

उल्लेखनीय है कि डीएमएफ के माध्यम से पिछले कई वर्षों से जिले में करोड़ों रुपए के विकास कार्य संचालित हो रहे हैं और इसकी जिम्मेदारी वर्तमान में गजभिए के पास ही है। ऐसे में एक ही अधिकारी को कई महत्वपूर्ण दायित्व दिए जाने को लेकर प्रशासनिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। जिला पंचायत कार्यालय से जारी आदेश की प्रतिलिपि विभिन्न विभागों और अधिकारियों को भी प्रेषित की गई है, जिसमें मैनपुर जनपद पंचायत को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। फिलहाल इस नियुक्ति को लेकर उठे सवालों के बीच यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है और अब सबकी नजर प्रशासन के अगले कदम पर टिकी है।

# सरकार कर रही हर वर्ग का विकास : महेश



**राजिम।** नगर पालिका राजिम के वार्ड क्रमांक 3 सरदार वल्लभभाई पटेल पारा में सुशासन तिहार के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव ने भारत माता की पूजा अर्चना के साथ किया। इस अवसर पर सेजेस आत्मानंद स्कूल के सांसद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल, उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, वार्ड पार्षद जानकी पटेल, सभापति भारत यादव, पूर्व पार्षद भूखन पटेल, बजरंग दल प्रमुख पुरुषोत्तम दुबे सहित वार्डवासी मौजूद थे। शिविर में लोगो को राशन कार्ड वितरित किया गया। यहां पहुंचे अधिकतर लोगों ने पेंशन, महतारी वंदन योजना, आवास, भूमिहीन का लाभ, गैस कनेक्शन प्रदाय, पट्टा प्रदाय, बिजली की समस्या घरेलू नलों में पानी की समस्या से संबंधित आवेदन दिया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव ने वार्डवासियों से कहा कि सरकारी दफ्तरों का चक्कर न काटना पड़े, लोगों का काम आसानी से हो जाए इसके लिए सरकार सुशासन पर्व के माध्यम से प्रयास कर रहा है। कहा कि सरकार प्रत्येक वर्ग की चिंता कर रही है, और सभी वर्गों के विकास के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में शीतल शर्मा, वर्षा ठाकुर, जय कुमार, मुकेश यादव, हेमंत पटेल, चंद्रिका पटेल, कचरा पटेल, लता सेन, गोपाल पटेल, बिंदु निर्मलकर, भूषण निर्मलकर, ईश्वर पटेल सहित सैकड़ों वार्ड वासी उपस्थित हुए।

# भीषण गर्मी में भी तेंदूपत्ता तोड़ने संग्राहकों में उत्साह



**गरियाबंद।** भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बावजूद जिले के वनांचल क्षेत्रों में तेंदूपत्ता संग्राहकों का उत्साह कम नहीं हुआ है। सुबह से ही जंगलों की ओर निकलने वाले संग्राहक परिवार तपती गर्मी को नजरअंदाज करते हुए तेंदूपत्ता तोड़ाई में जुटे हुए हैं। इस वर्ष शासन द्वारा संग्रहण दर बढ़ाकर 5,500 रुपये प्रति मानक बोरा किए जाने से संग्राहकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। वनमंडल गरियाबंद के अंतर्गत देवभोग परिक्षेत्र में 24 अप्रैल से और अन्य परिक्षेत्रों गरियाबंद, धवलपुर, नवागढ़, परसुली, छुरा, मैनपुर, तौरेंगा और कुल्हाड़ीघाट में 1 मई से तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य शुरू हो चुका है। जिले की 70 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के माध्यम से 560 संग्रहण केंद्रों पर खरीदी जारी है। जंगलों में इन दिनों सुबह और शाम संग्राहकों की आवाजाही बढ़ गई है। महिलाएं, पुरुष और युवा सभी परिवार के साथ मिलकर तेंदूपत्ता तोड़ने में जुटे हैं। तेज धूप और बढ़ते तापमान के बावजूद उनकी मेहनत में कोई कमी नहीं दिख रही है।

**आर्थिक मजबूती की आस :** संग्राहकों का कहना है कि बढ़ी हुई दर से इस बार उन्हें बेहतर आमदनी की उम्मीद है, जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। वन विभाग द्वारा संग्रहण कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए फड़ों पर अभिरक्षक और अधिकारियों की तैनाती की गई है। साथ ही संग्राहकों को गुणवत्ता युक्त पत्ते लाने और ऑनलाइन पंजीयन कराने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है।

# मोदी के विकास पर जनता ने लगाई मुहर : लंबोदर



**मैनपुर।** भाजपा के युवा नेता लंबोदर साहू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दूरदर्शी, निर्णायक और जन-केंद्रित नेतृत्व की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए उन्हें हृदय से अभिनंदन दिया उन्होंने कहा कि यह परिणाम नरेन्द्र मोदी के प्रति देश की जनता के अटूट भरोसे, गहरे विश्वास, अपार लोकप्रियता और श्रद्धा की स्पष्ट अभिव्यक्ति है उन्होंने यह भी कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, पारदर्शिता और सुशासन की जो नई दिशा पकडी है, उसी पर जनता ने एक बार फिर अपनी मुहर लगाई है और पश्चिम बंगाल और असम मे भाजपा की ऐतिहासिक जीत हुआ है।

## पेज 11 के शेष

### ग्राम बिजली में धू-धू कर...

(पेज 11 के शेष)

चिंता राम देशमुख को सुचना दी , दोनों ने तत्काल घटना स्थल पहूंचकर मोर्चा संभाला। राहत की बात यह रही कि पास में खड़ा एक हार्वेस्टर इस हादसे की चपेट में आने से बच गया, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई। घटनास्थल के आसपास रिहायशी क्षेत्र होने के कारण ग्रामीणों में दहशत का माहौल रहा।

### अफसरों की कमी, खाली...

हो चुके है उसके बाद से आजतक मैनपुर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी की नियुक्ति नही हो पायी है जबकि जनपद पंचायत मे मुख्य कार्यपालन अधिकारी का पद सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है क्योंकि ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों का अधिकांश कार्य जनपद पंचायत से ही संबंधित होता है और ग्रामीण पिछले चार पांच दिनो से जब मैनपुर जनपद पंचायत कार्यालय अपनी समस्याओं को लेकर पहुंच रहे है तो उन्हे यहां आने के बाद पता चलता है कि अभी तक जनपद पंचायत मे नया मुख्य कार्यपालन अधिकारी की नियुक्ति नही हुई है ऐसे मे पंचायत प्रतिनिधियों सहित अन्य फरियादियों लाभार्थियों जैसे मनरेगा योजना के भुगतान, राशन कार्ड, आवास निर्माण, निराश्रत पेंशन, वृद्धा पेंशन व अन्य कार्यो के लिए उन्हे भटकना पड़ रहा है क्षेत्र के लोगों ने गरियाबंद जिले के कलेक्टर भगवान सिंह उईके एवं जिला पंचायत सीईओ प्रखर चन्द्राकर से मांग किया है कि मैनपुर मे जल्द ही नया मुख्य कार्यपालन अधिकारी की नियुक्ति किया जाये।

### बाबा गुरू घासीदास...

सतनामी नवापारा पहुंचे। यहां नगर पालिका परिषद के सभापति केकती बाई सोनवानी से मुलाकात की। केकती सोनवानी ने अपने प्रतिनिधि लल्ला सोनवानी को छांटा के हरिलाल सतनामी के साथ थाना भेजा। हरिलाल सतनामी ने थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। समाज के लोगो एवं ग्रामवासियों ने इस घटना को गंभीर बताते हुए अज्ञात चोर को शीघ्र पकड़ने की मांग की है। ग्रामीणो का कहना है कि धार्मिक स्थलों पर इस प्रकार की घटनाएं समाज में असुरक्षा और असंतोष का माहौल पैदा करती है। फिलहाल पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है और उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही चोरी का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### ऑपरेशन तलाश, 68...

टीम ने न केवल जिले में बल्कि अन्य राज्यों और अंतर-जिला क्षेत्रों में भी तलाश अभियान चलाकर गुमशुदा लोगों को सुरक्षित ढूंढ निकाला। इस दौरान तकनीकी सहायता और सतत निगरानी का भी सहारा लिया गया। गरियाबंद पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी व्यक्ति के गुम होने पर तत्काल नजदीकी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई कर सुरक्षित बरामदगी सुनिश्चित की जा सके। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि नागरिकों की सुरक्षा उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है और इस तरह के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

### सर्पदंश से एक...

हुआ। एक घंटे बाद उसे उल्टियां होने लगी। गांव से लंबी दूरी और मोबाइल नेटवर्क नही होने के कारण उसकी पत्नी को परिजनों- ग्रामीणों की मदद कई घंटों तक नहीं मिल सकी। किसी तरह सुबह होते करीब 8 बजे सर्पदंश पीड़ति चेतन को जिला अस्पताल लाया जा सका, किन्तु तब तक देर हो चुकी थी। ईलाज प्रारम्भ होते ना होते चेतन की मृत्यु हो गई। सर्पदंश के एक दूसरे मामले में जुनाडीह-बेनकुरा निवासी एक महिला जमुना बाई यादव को सुबह-सवेरे सांप ने डस लिया, 50 वर्षीय जमुना बाई तेंदूपत्ता तोड़ने गई थी। जिसे झाड़ियों में छिपे हरे रंग के सांप ने काट लिया। महिला के परिचित ग्रामीण राजेश्वर यादव व अन्य परिजन उसे मोटरसाइकिल में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां समय पर उपचार के बाद उसकी स्थिति स्थिर बनी हुई है। सर्पदंश के मामले में डॉ हरीश चौहान ने जानकारी व सलाह देते हुये बताया कि रात्रि काल में ग्रामीणों को जमीन नही सोना चाहिये। रात में सोने समय चारपाई और मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करना चाहिये। किसी भी जीव-जंतु या कीड़े मकोड़े के काटने का एहसास हो तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचकर जांच कराई जानी चाहिये। स्वास्थ्य केंद्रों लक्षण के अनुसार उपचार कराया जाना चाहिये।

## नाम परिवर्तन

**समक्ष न्यायालय श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय राजस्व देवभोग जिला गरियाबंद (छ.ग.)**

**पुराना नाम**- भुनेश्वर सोम
**पिता का नाम**- श्री खिलेश्वर सोम
**पता विवरण**- मकान नं.- 39, वार्ड नं.- 01, ग्राम नवागांव, पोस्ट चिचिया विकासखंड- देवभोग, जिला गरियाबंद छ.ग.
पिन कोड - 493890
मोबाईल नं. - 7999676388
**नवीन नाम** - गुनेश्वर
**पिता का नवीन नाम**- खिलेश्वर सोम
**पता विवरण** - कोई परिवर्तन नहीं
पिन कोड - कोई परिवर्तन नहीं
मोबाईल नं. - कोई परिवर्तन नहीं

# शोक संदेश



स्व. श्री भरत लाल पटेल | स्व. श्री चोवाराम पटेल

अत्यंत दुःख के साथ आपको सूचित किया जा रहा है कि मेरे पूज्यनीय पति **श्री चोवाराम पटेल** एवं मेरे सुपुत्र **श्री भरत लाल पटेल** का आकस्मिक स्वर्गवास दिनांक-04.05.2026, सोमवार को हो गया है। जिसका कार्यक्रम निम्नानुसार है :- अतः उक्त संबंधी कार्यक्रम में आप सपरिवार शामिल होकर पुण्य आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना कर हमें अनुग्रहित करें।

**कार्यक्रम**
पंचनाहवन : दिनांक-08.05.2026, शुक्रवार
स्थान : निजनिवास ग्राम-पक्तियां (छुरा]

**शोकाकुल परिवार :**
रामलाल, सेवाराम, हरिराम, मुनेश्वर, मनोहर, सुरेन्द्र, तीरथ, टिकेश्वर, पारखप्रकाश, लुकेश, लुकेश्वर, ओंकार, ऋषि, हिमऋषि, राहुल, लेहान, नितिक एवं समस्त पटेल परिवार...

**विनीत :**
श्रीमती कुमारीबाई पटेल (पत्नि)
श्री नन्दकुमार पटेल (पुत्र)
श्रीमती सरिताबाई पटेल (पुत्रवधु)
श्रीमती भोजबाई पटेल (पुत्रवधु

टीप - जिन प्रियजनों एवं साथियों को शोक पत्र नहीं मिल पाया हो वह इसे ही आमंत्रण स्वीकार करें।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### संस्कृति ज्ञान परीक्षा में कोयल ने किया टॉप



**छुईहा बेलर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का जिला स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह गुरुवार को गायत्री शक्तिपीठ राजिम में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जिले भर के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुण्डेल की छात्रा कोयल सिन्हा ने जिला प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। वह नीम्स विद्यालय बोरसी की छात्रा हैं और अपनी प्रतिभा से सभी को प्रभावित किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित चंदू लाल साहू अध्यक्ष, राज्य भंडार गृह निगम, छत्तीसगढ़ शासन जो स्वयं गायत्री परिवार से जुड़े हुए, प्रतिनिधियों के साथ मिलकर कोयल सिन्हा को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र एवं अंकसूची प्रदान कर सम्मानित किया।

### बंगाल असम और पांडिचेरी की जीत दूरगामी प्रभाव डालने वाले: सुहागा

**मैनपुर।** भाजपा महिला मोर्चा मैनपुर अध्यक्ष श्रीमति सुहागा पाड़े ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि



पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी के चुनाव परिणाम भारतीय राजनीति के कैनवास पर दूरगामी प्रभाव डालने वाले हैं इस ऐतिहासिक विजय के लिए भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व, संबंधित राज्यों के प्रदेश नेतृत्व और कर्मठ कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। उन्होने इस जीत को पूरे देश के भाजपा कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करने वाला बताया है यह जीत तुष्टीकरण और अराजकता के विरुद्ध राष्ट्रवाद और सुशासन की विजय है।

### ऐतिहासिक सफलता कार्यकर्ताओं की मेहनत और मोदी सरकार के नीतियों की जीत

# बंगाल की जीत पर नवापारा में बांटी झालमुरी, आतिशबाजी के साथ जश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम





पश्चिम बंगाल और असम में भारतीय जनता पार्टी के महाविजय तथा पांडिचेरी केरल और तमिलनाडु में एनडीए के शानदार प्रदर्शन पर नवापारा में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जमकर विजय उत्सव मनाते हुए खूब आतिशबाजी की और झालमुरी बांटी।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी के नेतृत्व में उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त किया। इस ऐतिहासिक जीत के अवसर पर पश्चिम बंगाल के प्रसिद्ध झालमुरी कार्यकर्ताओं एवं आमजनों को खिलाया गया। इस दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक में भारत माता की जय ,भारतीय जनता पार्टी ,नरेंद्र मोदी,अमित शाह के जिंदाबाद के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।

मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा ने इस ऐतिहासिक सफलता को कार्यकर्ताओं की मेहनत और मोदी सरकार के नीतियों की जीत बताया। कहा कि यह विजय प्रधानमंत्री मोदी के विकास कार्यों, अमित शाह की रणनीति और संगठन के मार्गदर्शन का परिणाम है। कार्यकर्ताओं के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि बूथ स्तर की मजबूती से जनता का विश्वास बढ़ा है।

#### लोकतांत्रिक मूल्यों एवं भाजपा के नीतियों की जीत : ओमकुमारी

नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में मिली विजय पर हर्ष जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में विकास कार्यों, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति क्षमता और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन नितिन के कुशल संगठनात्मक मार्गदर्शन का परिणाम है। भाजपा ने सदैव गरीब, किसान, युवा, महिला और समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए कार्य किया है। जिस पर आम जनता ने विश्वास जताया है।

उन्होंने कहा कि यह जीत लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत है भाजपा की नीतियों की जीत है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक में जश्न के दौरान नगर पालिका के पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा ,महामंत्री सौरभ जैन, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष धनमती साहू, प्रदेश महिला मोर्चा सदस्य योगिता सिन्हा, मंडल उपाध्यक्ष धीरज साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकित मेघवानी ,महामंत्री राजू रजक, अनुसूचित जाति जिला महामंत्री मुकुन्द मेश्राम, मनीष चौधरी, चद्रिरका साहू, पार्षद सचिन सचदेव, सहदेव कंसारी, नम्मू ध्रुव, जीना निषाद, पूजा कंसारी, लोमेश्वरी साहू, देवेन्द्र सेन, पूर्व पार्षद बॉबी चावला, पारसमणी साहू, जिनेन्द्र साहू, डीहू साहू, किरण सोनी, हर्षा कंसारी, दुकलहिन साहू, ललिता साहू, हेमिन साहू, फेकनू साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

# बंगाल में भाजपा की जीत, अंचल में मनाया जश्न

**रसेला।** चार मई को घोषित विधानसभा चुनाव परिणामों ( विशेषकर पश्चिम बंगाल और असम ) में भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है। और बड़ी जीत हासिल की, बात दे कि पश्चिम बंगाल में बीजेपी ने प्रचंड जीत हासिल की और 294 सीटों में से 206 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज की वहीं असम में भाजपा ने लगातार तीसरी बार बहुमत के साथ वापसी किया है। जहां बीजेपी गठबंधन ने 126 में से 99 सीटों पर जीत दर्ज की। इसी प्रकार पुडुचेरी में भी बीजेपी परचम लहराया है। चुनाव के रिजल्ट आने के बाद मलेवाअचल भाजपा मंडल ने पटाखा फोड़कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल ने कहा कि भाजपा की ऐतिहासिक जीत और 15 के टीएमसी शासन का अंत हुआ है। इस जीत को लेकर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेश साहू ने



कहा कि यह मोदी,योगी और अमित शाह की यह मैजिकल और जनता का विश्वास की जीत है। आगे कहा कि इस जीत में छत्तीसगढ़ से गए नेताओं की रणनीतिक भूमिका भी अति सराहनीय है। इसी कड़ी में मंडल महामंत्री नारायण सिन्हा, ईश्वर वर्मा, मीडिया प्रभारी परमेश्वर यादव, वरिष्ठ कार्यकर्ता श्यामलाल सोरी, धनेश राम ठाकुर, कनस राम ने कहा कि ऐतिहासिक जीत की जनकल्याणकारी नीतियों, मजबूत नेतृत्व और कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम है। हेमलता ध्रुव,भुवेन्द्र मरकाम, रोहित जगत, नारायण सिंह ठाकुर, कृष्णा गुप्ता,झवर अग्रवाल,समारू सोरी,टिकेश्वरी कोमर्रा, पुजा चौहान, लोमेश्वरी कोमर्रा लोकराम ध्रुव,नारद कमार आदि लोगों कहा कि नेतृत्व में देश सबका साथ, सबका विकास के मंत्र के साथ निरंतर प्रगति कर रहा है और भारत विश्व गुरु बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। जनता अब जागरूक है। उसने परिवारवाद, जातिवाद और भ्रष्टाचार को सिरे से नकार दिया है। बंगाल असम के नतीजों का असर पूरे देश पर पड़ेगा। इस मौके पर नंदकिशोर यादव, जगतराम यादव, कुबेर बारिक, भूषण साहू, कविता कोमर्रा, सुकारो ठाकुर, धनेश्वर ठाकुर, धनेश्वर दास, भीखम साहू, बालक मरकाम,थानेश्वर कंवर, सुरेन्द्र ठाकुर, कुशल ध्रुव, सहित मलेवाअचल के समस्त कार्यकर्ताओं उपस्थित थे।

# भाजपाइयों ने बंगाल, असम एवं पांडुचेरी के विजय पर मनाया जश्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

भाजपाइयों ने पश्चिम बंगाल,असम एवं पांडुचेरी के विजय पर जश्न मनाया। तीनों राज्यो मे जीत की खुशी को लेकर कहा कि मोदी की गारंटी पर जनता ने भरोसा जताया वहीं पर ममता बनर्जी के भय,भ्रष्टाचार आंतक के खिलाफ जनता ने मतदान किया। भाजपा मंडल फिंगेश्वर के तत्वाधान में रेस्ट हाउस फिंगेश्वर में भाजपा मंडल फिंगेश्वर का मीटिंग प्रदेश एवं जिला भाजपा नेतृत्व के निर्देश पर आयोजित हुआ जिसमें प्रमुख रूप से प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य एवं वरिष्ठ नेता रामू राम साहू,पूर्व मंडल अध्यक्ष पूनम यादव,भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीमती मंजू हरित भाजपा मंडल महामंत्री भुवन साहू लाल साहू एवं प्रेमलाल टोडर के मार्गदर्शन में बैठक आयोजित हुआ। उक्त नेताओं नेताओं ने सर्वप्रथम भारत माता,डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना किया तथा पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडिचेरी की विजय हासिल करने पर कार्यकर्ताओं ने जमकर बीजेपी जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, अमित शाह जिंदाबाद, नितिन नवीन जिंदाबाद का नारा लगाए। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं किसान मोर्चा प्रदेश कार्य समिति रामू राम साहू ने संबोधित करते हुए पश्चिम बंगाल असम एवं पांडिचेरी में भाजपा का परचम लहराने पर खुशियां जाहिर करते हुए कार्यकर्ताओ को बधाइयां दी तथा उन्होंने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं का उत्कृष्ट सोच तथा मेहनत एवं कार्यकर्ताओं के लग्न तथा निष्ठा का परिणाम स्वरूप भाजपा ने ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है। नरेंद्र मोदी का कहना सार्थक हुआ है। देश को सन 1947तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य है। उस लक्ष्य की ओर भाजपा बढ़ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि मोदी जी कांग्रेस मुक्त भारत के लिए काम कर रहे हैं और यह कथन सार्थक होते दिखाई दे रहा है।उन्होंने नरेंद्र मोदी जी के साथ–साथ गृह मंत्री अमित शाह एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का भी प्रशंसा करते हुए उनके योगदान की सराहना किया।पूर्व मंडल अध्यक्ष पूनम यादव ने कार्यकर्ताओं से कहा की भाजपा का संगठन विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक पार्टी के रूप में है और कार्यकर्ताओं की मेहनत तथा नेताओं का मार्गदर्शन एवं भाजपा का उत्कृष्ट जनहित कार्य के परिणाम स्वरूप ही जनता ने भाजपा पर विश्वास जताया हैं,जिससे भाजपा को विजयश्री हासिल हुआ है। उन्होंने तीन राज्यों के अतिरिक्त केरल में भी तीन विधायक बनने का भी प्रशंसा किया।

#### यें रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से किसान मोर्चा के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य एवं वरिष्ठ नेता रामू राम साहू, भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता पूनम यादव, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सदस्य मनीष हरित, मंडल अध्यक्ष मंजू लता हरित महामंत्री भुवन लाल साहू, प्रेमलाल टोडर, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष उत्तम राजवंशी, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष अशोक साहू,पूर्व किसान मोर्चा अध्यक्ष भुनेश्वर साहू, भागवत सिन्हा, राकेश सिन्हा, शीतल साहू, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष संगीता साहू, पार्षद चांदनी कश्यप, नीरा साहू,सोसाइटी फिंगेश्वर के अध्यक्ष अश्वनी विश्वकर्मा सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।



प्रस्तुति - उत्कर्ष शर्मा रिपोर्टर ब्यूरो कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं. 9752106022

## खबर संक्षेप

### ग्राम गोंदलाबाहरा में सांस्कृतिक 10 को




मुड़ागांव (कोरासी)। ग्राम गोंदलाबाहरा (छुरा) में 10 मई, रविवार को एक विशेष सांस्कृतिक एवं पारिवारिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत संध्या 6 बजे साई कृपा मानस परिवार, जीवतरा (महासमुंद) की प्रस्तुति से होगी। इसके पश्चात रात्रि 8 बजे छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध काली मां दाई के दुलवा "नवरत्न जस झांकी" (पटकर, डोंगरगढ़) का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद चन्दूलाल साहू उपस्थित रहेंगे। साथ ही राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू, जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति लेखराज ध्रुव, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश साहू, जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष राजिम महेश यादव सहित क्षेत्र के समस्त भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

### छुईहा में मड़िया की फसल लहलहा रही



मैनपुर। गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड मुख्यालय से महज 03 किमी दूर ग्राम छुईहा में एक किसान के बाड़ी में इन दिनों मड़िया की फसल लहलहा रही है। मड़िया को रागी कहते है।

### बैठक में भाजपा के विचारधारा को जनजन तक पहुंचाने आह्वान



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर स्थित साहू सदन भवन मे आज बुधवार को भारतीय जनता पार्टी मैनपुर की आवश्यक बैठक आयोजित किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि मण्डल के प्रभारी गुरूनारायण तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सरिता ठाकुर, पूर्व जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष संतोष यादव एवं प्रदेश मंत्री (अनुसूचित जनजाति मोर्चा) नंदिनी नेताम की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक में संगठनात्मक विषयों, बूथ सशक्तिकरण, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने एवं पाटऍ की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जनपद सदस्य कुमारी बाई पटेल सहित वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रामस्वरूप साहू, बाबूलाल साहू, रामदास वैष्णव, रामजी साहू, अनूप कश्यप, किशोर यादव, तिजु सिन्हा, महेंद्र सोनी, गोविंद नायक, हेमलाल यादव, सुरेश यादव, नरेश सोनवानी, सुहाग पांडे, हेमेश्वरी कश्यप, मनोज निर्मलकर, हेमंत साहू, मोहन सिंह कुशवाहा, तुलसी राठौर, श्रीमती नीतू ध्रुव, रूपेश साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिना डॉक्टर और परिचारक के भगवान भरोसे पशु चिकित्सालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र के पशुपालक किसान सरकार से खुश नहीं हैं, यहां पशुपालकों को अपने मवेशियों को बचाने काफी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। गौ माता की रक्षा के दावे फेल साबित हो रहें हैं। ज्ञात हो कि पशु चिकित्सालय रसेला, कनसिघी में ना डॉक्टर और ना ही परिचालक है, यहां के पशु चिकित्सालय भगवान भरोसे चल रहा है। जिला गठन के बाद भी पर्याप्त पशु चिकित्सकों का इंतजाम नहीं किया गया।

सरकार की व्यवस्था से सवाल पूछे जा रहे हैं कि क्या ऐसे ही होगी गौमाता की सेवा, वहीं दूसरी ओर दुल्ला के सहायक चिकित्सा को कनसिघी और रसेला का प्रभार दिया गया जो अभी तक पशुपालकों और जनप्रतिनिधि ने दर्शन नहीं किया है। मालूम हो कि रसेला और कनसिघी दोनों को मिलाकर 60 - से 70 गांव ये दोनों पशु चिकित्सालय पर निर्भर रहता है। जिससे पशु पालकों की परेशानियां बढ़ गई है। ज्ञात हो कि कल पशु चिकित्सक के अभाव में एक नवजात बछड़े की मौत हो गई, डॉक्टर के अभाव में अपने पशुपालक अपने पशुओं को बचा नहीं पा रहे हैं, जिम्मेदार अधिकारी पशु चिकित्सालय को भगवान भरोसे छोड़ रखा है। रसेला के पशु चिकित्सालय कब से नहीं खुला है यहां तो खुद चिकित्सालय को मालूम नहीं होगा और प्रत्यक्ष को प्रमाण की जरूरत नहीं पड़ती है। पिछले एक दशक से कोई भी परिचालक कार्यरत नहीं है। पशु चिकित्सालय भी साफ सफाई के बिना जर्जर हो रहें हैं। जिले में विकास खंड छुरा पशु चिकित्सा विभाग संसाधनों की कमी व स्टाफ से अभावग्रस्त होकर रह गया है, जिससे पशुपालकों को न तो समय पर आवश्यक जानकारी मिल पाती है और न ही उपचार की सुविधाएं। ऐसी स्थिति में अंततः खामियाजा पशुपालकों को भुगतना पड़ता है। रसेला और कनसिघी पशु औषधालय लंबे समय से डाक्टर और परिचालक का इंतजार कर रहे हैं।

**इलाज के अभाव में दम तोड़ रहे मवेशी**



#### छुरा ब्लॉक में स्टाफ का भारी टोटा

ग्रामीण क्षेत्र में स्थिति दिनों दिन बदतर होती जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं की संख्या अधिक होने के बावजूद पशु चिकित्सा के संबंध में यहां के हालात चिंतनीय बनीं हुई है। छुरा ब्लाक में कुल 11 पद चिकित्सकों का स्टाप है जिसमें 5 जगहों चिकित्सा कार्यरत हैं, और 6 जगहों पर प्रभारी के भरोसे काम चल रहा है। क्षेत्र के जनपद सदस्य नारायण सिन्हा, सुखराम ठाकुर, बिमला नागेश, मिलन्तीन कुंजाम, सरपंच हेमलता ध्रुव, लता नागेश, रूपादेवी ठाकुर, रवि मरकाम, तुलेश्वर ध्रुव, विजय कृष्णा नागेश, भोजराज नागेश उपसरपंच परमेश्वर यादव, धनसाय ध्रुव, गूलाब मरकाम, घनश्याम चन्द्राकार ने कहा कि अगर सरकार डा और परिचालक की नियुक्ति नहीं कर सकता तो पशु चिकित्सालय बंद कर दे। पशु पालकों को कहने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## समस्या : ग्रामीण इस भीषण गर्मी में एक-एक बूंद पानी के लिए तरस रहे

# गोपालपुर में पेयजल संकट, 4 साल से कछुआ चाल में टंकी का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

राज्य और केन्द्र सरकार द्वारा ग्रामीणों के घरों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जल जीवन मिशन योजना के तहत करोड़ों रूपये पानी की तरह पैसा बहाया जा रहा है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है जिम्मेदार अफसरों और ठेकेदारों के लापरवाही के चलते आज भी लाखों करोड़ों रूपये खर्च होने के बाद लोगों को पीने के लिए साफ पेयजल नहीं मिल पा रहा है। गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर मुख्यालय से महज 06 किमी दूर ग्राम पंचायत गोपालपुर में पेयजल को लेकर हाहाकार मचा हुआ है यहां के ग्रामीणों द्वारा कई मामले की शिकायत किया जा चुका है लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने के कारण लोगो को पीने का साफ पानी नही मिल पा रहा है मामले की शिकायत ग्रामीणो द्वारा अब बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव और सांसद रूपकुमारी चौधरी से करने के लिए आवेदन तैयार किया जा रहा है साथ ही इस मामले को लेकर आने वाले दिनों में ग्रामीणों द्वारा उग्र आंदोलन करने की भी चेतावनी दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत गोपालपुर मे जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी टंकी निर्माण के लिए 3-4 वर्ष पहले ही लाखों रुपए की राशि स्वीकृत हो चुका है लेकिन अब तक पानी टंकी का निर्माण कार्य अधुरा है निर्माण कार्य बेहद धीमीगति और कछुए की चाल मे किया जा रहा है कई बार ग्रामीणो ने इसकी शिकायत स्थानीय अधिकारियो सहित जिले के अधिकारियो से कर चुके है लेकिन अब तक इस दिशा मे कोई ठोस कार्यवाही नही करने के कारण कार्य एजेंसी द्वारा लापरवाहीपूर्वक धीमीगति से कार्य किया जा रहा है और इस भीशण गर्मी मे ग्रामीणो को जल जीवन मिशन योजना का लाभ नही मिल पा रहा है।

#### उग्र आंदोलन करेंगे

ग्राम पंचायत गोपालपुर के सरपंच खेलन दीवान, उपसरपंच पारेश्वर नेगी, बलिराम ठाकुर, प्रेमसाय जगत, पवन जगत, रामभरोसा, छबि दीवान ने बताया की जल जीवन योजना के तहत लाखों करोड़ो रूपये ग्राम पंचायत गोपालपुर में खर्च करने के बाद भी इन पानी टंकियों से पेयजल सप्लाई नहीं हो रहा है जिसके पीछे संबंधित विभाग और संबंधित ठेकेदारों की लापरवाही है। ग्रामीणो ने बताया की यदि समस्या का जल्द समाधान नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जायेगा।



**कोदोभाठ में भी जल जीवन मिशन का हाल बेहाल :** ग्राम पंचायत गोपालपुर के आश्रित ग्राम कोदोभाठ मे भी पानी की विशाल टंकी का निर्माण किया गया है जो 02 वर्ष बाद प्रारंभ किया गया था लेकिन पिछले एक सप्ताह से बंद हो गया है और इससे ग्रामीणो को पानी नही मिल पा रहा है कई इस संबंध मे भी ग्रामीणो ने शिकायत किया लेकिन कोई सुनवाई नही होने के कारण अब ग्रामीण शिकायत करना छोड़ चुके है और तो और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा यहां टंकी के नीचे एक कमरे मे लाखो रूपये के मशीन को लवारिस हालत मे छोड़ दिया गया है क्योकि कमरा में ताला नहीं है और लाखों रूपये के शासकीय उपकरण को लापरवाहीपूर्वक खुला रख दिया गया है।

#### छुईहा में लाखों का टंकी से नहीं मिल पा रहा पानी

ग्राम पंचायत गोपालपुर के आश्रित ग्राम छुईहा में लाखों रूपये खर्च कर जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण किया गया है लेकिन पिछले ढाई माह से यह बंद है। इस भीषण गर्मी में पानी नहीं मिल पा रहा है। गांव के चौक- चौराहो और घरों में लगाए गए नल की टोटी सुख चुकी है एकबूंद भी पानी नहीं आ रहा है और इस ओर संबंधित विभाग के अधिकारियो द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है।

#### साल्हेभाठ में मोटर खराब होने के कारण नहीं मिल पा रहा पानी

ग्राम पंचायत गोपालपुर के आश्रित ग्राम साल्हेभाठ में जल जीवन मिशन योजना के तहत प्लास्टिक की टंकी लगाई गई है लेकिन मोटर पंप खराब होने और जल स्तर नीचे चले जाने के कारण पेयजल समस्या से ग्रामीण जुझ रहे है न तो विभाग द्वारा मोटर पंप का मरम्मत करवाया जा रहा है और न ही इस टंकी से पानी की सप्लाई करने कोई प्रयास किया जा रहा है।

# तर्रा में 1.36 करोड़ के गौरव पथ की स्वीकृति पर ग्रामीणों ने जताया आभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

विधानसभा क्षेत्र राजिम के लोकप्रिय विधायक रोहित साहू के प्रयासों से ग्राम तर्रा की वर्षों पुरानी सड़क की समस्या अब दूर होने जा रही है। विधायक द्वारा ग्राम तर्रा के 'खार' से लगे मुख्य मार्ग को गौरव पथ के रूप में विकसित करने के लिए 1 करोड़ 36 लाख 54 हजार रुपये की भारी-भरकम राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है।

इस बड़ी सौगात से उत्साहित होकर ग्राम तर्रा के जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण विधायक निवास पहुँचे। ग्रामीणों ने पुष्पगुच्छ और आभार वचनों के साथ विधायक रोहित साहू का धन्यवाद किया। ग्रामीणों का कहना है कि खार से लगा यह रोड लंबे समय से जर्जर था, जिससे आवागमन में काफी परेशानी होती थी। विधायक जी ने जनहित को प्राथमिकता देते हुए त्वरित कार्रवाई की और इस बड़ी राशि को मंजूरी दिलवाई।आभार व्यक्त करने वालों में सरपंच ममता तुकेश साहू, सरपंच प्रतिनिधि तुकेश साहू, उपसरपंच प्रतिनिधि रोहित सेन, बूथ अध्यक्ष ग्वाल तारक। पदमनी साहू, भुवनेश्वरी साहू, केशर साहू, जानकी रात्रे, लक्ष्मी साहू, शिवबत लीला साहू, मोंगरा तारक, डोमार तारक, सोहन घोघरे, जीवराखन पटेल, डेरहा सतनामी, मकसूदन साहू, नोखेलाल साहू, चेमन साहू, नेपाल साहू, संतोष सेन, गिरधारी साहू, बलीराम, फेरहा, नेतराम, लीलाराम, निक्कू, टेकराम, होरी निर्मलकर, लुमश राम, और श्रवण साहू। ग्रामीणों ने इस विकास कार्य के लिए विधायक के प्रति कृतज्ञता प्रकट की और कहा कि इस गौरव पथ के निर्माण से गाँव की तस्वीर बदलेगी और कनेक्टिविटी बेहतर होगी।

# सहसपुर-धुरसा मार्ग पर सरगी नदी पर बनेगा उच्च स्तरीय पुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

ग्राम सहसपुर और धुरसा के ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्या अब जल्द ही समाप्त होने वाली है। सरगी नदी पर बरसात के दिनों में जलमग्न हो जाने वाले पुराने पुल के स्थान पर अब एक उच्च स्तरीय पुल का निर्माण किया जाएगा। क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू द्वारा इस पुल निर्माण की घोषणा के बाद पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

- बरसात में टूट जाता था संपर्क, अब मिलेगी राहत

सहसपुर-धुरसा पहुंच मार्ग पर स्थित सरगी नदी का पुल वर्षों से क्षेत्र के लिए परेशानी का सबब बना हुआ था। बारिश के मौसम में नदी उफान पर आते ही पुल पूरी तरह पानी में डूब जाता था, जिससे दोनों गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय और अन्य क्षेत्रों से पूरी तरह कट जाता था।

स्कूली बच्चों, शिक्षकों और सरकारी कर्मचारियों को अपने गंतव्य तक पहुँचने में भारी मशक्कत करनी पड़ती थी। सड़क और पुल की जर्जर स्थिति के कारण राहगीरों को अक्सर हादसों का सामना करना पड़ता था।



#### पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण मार्ग

यह मार्ग केवल स्थानीय ग्रामीणों के लिए ही नहीं, बल्कि प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों तक पहुंचने का प्रमुख जरिया भी है। घटारानी, जतमई और झरझरा जैसे प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों तक जाने के लिए इसी मार्ग का उपयोग होता है। उच्च स्तरीय पुल बनने से पर्यटकों का आवागमन भी सुगम होगा, जिससे क्षेत्र के आर्थिक विकास को गति मिलेगी। पुल निर्माण की घोषणा के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण विधायक निवास पहुँचे और /"विकास पुरुष/" विधायक रोहित साहू का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना है कि यह उनकी एक लंबी लड़ाई की जीत है और इस पुल के बनने से क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाइयां मिलेंगी। आभार व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से लता ध्रुव (सरपंच), नरशु ध्रुव (सरपंच प्रतिनिधि), उत्तम साहू, जनक साहू, कुंजलाल साहू, खेमन साहू, घनश्याम साहू, नरेश साहू, बलराम साहू, ठाकुर राम साहू, गोकुल साहू, रमन सेन, शारधा साहू, अमृत साहू, रेवती रमन ध्रुव, डायमंड साहू, गैंद लाल साहू, मिलाउ साहू सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।




# सरपंच सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण



**कोपरा।** कसेरुडीह मे भक्त माता कर्मा जयंती के अवसर पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस शिविर में ग्राम लोहरसी के सरपंच लोमश साहू, पंच जागेश्वर साहू, नंदकुमार साहू उपाध्यक्ष, पोषण साहू डायमंड साहू, भी पहुंचे और उन्होंने स्वयं अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। शिविर में उपस्थित डॉक्टरों की टीम ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा उन्हें आवश्यक परामर्श और दवाइयाँ प्रदान कीं। सरपंच लोमश साहू ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर ग्रामीणों के लिए बेहद लाभकारी हैं, खासकर उन लोगों के लिए जो नियमित स्वास्थ्य जांच नहीं करा पाते। उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपील की कि वे ऐसे आयोजनों का लाभ उठाएं और अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। शिविर के सफल आयोजन के लिए स्वास्थ्य विभाग और आयोजकों की भूमिका सराहनीय रही।

